

# जल संसाधन विभाग पर चला न्यायालय का डंडा

## दफ्तर से कुर्सी-टेबल और कंप्यूटर जब्त, दो बार जारी हुए थे वारंट

नवभारत न्यूज

**गुना 22 अप्रैल का। न्यायालय के आदेशों की बार-बार अनदेखी करना जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उस समय बेहद भारी पड़ गया, जब बुधवार को कोर्ट की टीम लाव-लश्कर के साथ विभाग के दफ्तर पहुंची और सामान कुर्क करना शुरू कर दिया। यह पूरी कार्रवाई जिला न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री आयुषी मित्तल द्वारा साल 2022 में पारित किए गए एक डिक्री आदेश के पालन में की गई है। कोर्ट की नजारत शाखा की टीम ने बकाया राशि की वसूली के लिए विभाग के कार्यालय से टेबल, कुर्सी और कंप्यूटर जैसी महत्वपूर्ण सामग्रियों को जप्त कर लिया है।**



दरअसल, यह मामला लगभग 20 वर्ष पुराना है, जो गुना जिले के ग्राम रेंझाई में एक तालाब निर्माण और नहर विवाद से जुड़ा है। वर्ष 2022 में न्यायालय ने इस प्रकरण में अर्जुन सिंह रघुवंशी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए विभाग को मुआवजे के तौर पर जुमार्ना भरने का आदेश दिया था। लंबे समय तक विभाग द्वारा 1 लाख 470 रुपये की इस बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया और न ही न्यायालय के वारंटों को गंभीरता से लिया गया। बार-बार समय मांगने और आदेश की अवहेलना करने के बाद, अंततः प्रधान न्यायाधीश द्वारा चलाए जा रहे विशेष 'कुर्की एवं कब्जा' अभियान के तहत यह सख्त कदम उठाया गया।

**दो बार जाना पड़ा न्यायालय में**

घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए पीड़ित के परिजन पीयूष रघुवंशी ने बताया कि करीब दो दशक पहले जल संसाधन विभाग ने ग्राम रेंझाई में तालाब का निर्माण कराया था।

इस परियोजना के दौरान विभाग ने घोर लापरवाही बरतते हुए अर्जुन सिंह रघुवंशी के निजी खेत में रातों-रात नहर का निर्माण कर दिया। सरकारी दस्तावेजों और नक्शे के अनुसार, यह नहर किसी अन्य व्यक्ति के खेत से होकर गुजरनी थी, लेकिन विभाग ने पूरी प्रक्रिया को दरकिनार कर निजी भूमि पर कब्जा कर लिया। अपनी पुश्तैनी जमीन पर हुए इस अवैध निर्माण के खिलाफ अर्जुन सिंह ने न्यायालय की शरण ली। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग पर ढाई लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था, लेकिन विभाग ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिसके बाद मामला दोबारा अदालत पहुंचा और अब कुर्की की नौबत आ गई।

**कोर्ट होगा सामान का आंकलन**

बुधवार सुबह जिला नाजिर राजेश शर्मा के नेतृत्व में न्यायालयीन स्टाफ आकाशवाणी केंद्र के समीप स्थित जल संसाधन विभाग के कार्यालय पहुंचा। टीम को देखते ही दफ्तर में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने कार्रवाई रोकने का प्रयास किया और समय की मांग की, लेकिन कोर्ट की टीम ने दो टूक शब्दों में कहा कि पर्याप्त अवसर दिए जा चुके हैं।

देखते ही देखते कोर्ट के कर्मचारियों ने दफ्तर के फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान को अपने कब्जे में लेना शुरू कर दिया। टीम ने अफसरों की मेज, बैठने की कुर्सियां और डेटा से भरे कंप्यूटर सिस्टम को जब्त कर लिया।

कोर्ट के अधिकारियों का कहना है कि जब्त किए गए सामान की कुल कीमत का सही आकलन न्यायालय में ही होगा, लेकिन यह सामग्री लगभग उतनी ही मूल्य की है जितनी बकाया राशि वसूली जानी है।

**भुगतना पड़ा अंजाम**

इस कार्रवाई ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विभाग की इस फजीहत की चर्चा पूरे जिले में है, क्योंकि अब दफ्तर में कामकाज के लिए न तो पर्याप्त फर्नीचर बचा है और न ही कंप्यूटर। यदि विभाग अभी भी बकाया राशि का भुगतान नहीं करता है, तो जब्त किए गए इस सरकारी सामान को नीलाम कर पीड़ित किसान को उसकी क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। यह मामला सरकारी विभागों के लिए एक बड़ी नजीर है कि वे न्यायालय के आदेशों को हल्के में न लें। 20 वर्षों के लंबे इंतजार और कानूनी लड़ाई के बाद मिली इस जीत पर पीड़ित परिवार ने संतोष व्यक्त किया है।

### एक नजर में

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

गुना। जिला पुलिस द्वारा फरार अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धरनावदा थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 25 साल पुराने चोरी के प्रकरण में लंबे समय से चकमा दे रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई। एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण और धरनावदा थाना प्रभारी रूहिल शर्मा के नेतृत्व में झागर चौकी पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2001 में आरोपी रूप सिंह (पुत्र नन्नूलाल मीना), निवासी ग्राम मोई के विरुद्ध धरनावदा थाने में धारा 379 भादवि (चोरी) के तहत अपराध क्रमांक 419/01 दर्ज किया गया था।

### विप्र उत्थान समिति गुना मनाएगी स्थापना दिवस

गुना। नजूल कॉलोनी स्थित सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में विप्र उत्थान समिति द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं और सभी विप्र बंधुओं से समारोह में सहभागिता करने का आग्रह किया है। समिति अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि स्थापना दिवस की शुरूआत प्रातः 8 बजे हवन-पूजन के साथ होगी, जो प्रातः 10 बजे तक चलेगा। इसके पश्चात 10 से 12 बजे तक एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के उत्थान और भविष्य की योजनाओं पर मंथन होगा। समापन पर दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।



## 201 हितग्राहियों को मिला 1 .11 करोड़ का हितलाभ, 66 युवाओं को मिली नौकरी

गुना। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'युवा संगम' कार्यक्रम बुधवार को जिला पंचायत विश्राम गृह में संपन्न हुआ। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करोड़ों रुपये के हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी, भाजपा नेता विकास जैन नखराली और रमेश मालवीय उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत 201 हितग्राहियों को 1 करोड़ 11 लाख रुपये का हितलाभ मौके पर प्रदान किया गया। अभय गोस्वामी को सोडा वाटर प्लांट के लिए 10 लाख रुपये, आस्था स्व-सहायता समूह (पिपरौदा खुर्द) को 6 लाख और किशोरी समूह (बजरंगगढ़) को 1.50 लाख रुपये और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भारती अहिरवार, राजू सेन, आरती ओझा, सिमरन सिकरवार और साहबा पारदी को 1-1 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया।

**निजी क्षेत्र में भी मिली सफलता**

स्वरोजगार के साथ-साथ निजी क्षेत्र की 8 बड़ी कंपनियों ने भी इस मेले में हिस्सा लिया। प्रारंभिक साक्षात्कार के बाद 66 से अधिक युवाओं का चयन किया गया, जिन्हें अतिथियों द्वारा ऑफर लेटर सौंपे गए। जिला रोजगार अधिकारी बी.एस. मीणा ने बताया कि बीते वित्तीय वर्ष में जिले ने 24 हजार से अधिक लोगों को 1 अरब 18 करोड़ का हितलाभ दिलाकर प्रदेश स्तर पर पहचान बनाई है।

**नशा मुक्ति का संकल्प**

सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए सभी उपस्थित युवाओं और अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही श्रम अधिकारी आशिष तिवारी ने श्रम योजनाओं और आरसेटी डायरेक्टर महेश चंद वर्मा ने बैंकिंग व बीमा योजनाओं की जानकारी दी।

### होम्योपैथिक उपचार से स्वस्थ हो रहे मरीज

गुना। शहर के गायत्री मंदिर परिसर में संचालित होम्योपैथिक चिकित्सालय इन दिनों आमजन के लिए स्वास्थ्य लाभ का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। यहाँ डॉ. संजीव शर्मा (बीएससी, बीएचएमएस) द्वारा मरीजों का प्रभावी उपचार किया जा रहा है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उठा रहे हैं। चिकित्सालय में प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहती हैं। मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी का समय प्रातः 9 से 11 बजे और शाम 6 से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। डॉ. संजीव शर्मा द्वारा विशेष रूप से मौसमी बीमारियों, जोड़ों के दर्द, विभिन्न त्वचा रोगों, गैस-एसिडिटी और बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का होम्योपैथिक पद्धति से सफल उपचार किया जा रहा है।

## सुदामा कॉलोनी चोरी मामले में बढ़ा आंकड़ा, एसपी से शिकायत



गुना। शहर के बूढ़े बालाजी स्थित सुदामा कॉलोनी में 19 अप्रैल की रात हुई चोरी की वारदात ने अब और भी गंभीर रूप ले लिया है। पीड़ित परिवार और समाजसेवियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल को शिकायती आवेदन सौंपा है। प्रारंभिक जांच में चोरी गई संपत्ति का अनुमान लगभग 8 लाख रुपए लगाया गया था। हालांकि, पीड़ित हेमंत भार्गव ने बताया कि घर की बारीकी से पड़ताल और मिलान के बाद चोरी हुए माल की कीमत 12 से 15 लाख रुपए के बीच पहुंच गई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, घटना के तुरंत बाद वे सदमे में थे और पूरी स्थिति का सही आकलन नहीं कर पाए थे। जांच में यह नई और संवेदनशील बात सामने आई है कि बदमाशों ने न केवल नकदी और जेवरात पर हाथ साफ किया, बल्कि घर के मंदिर में रखे भगवान के गहने और बेशकीमती रत्न भी चोरी कर लिए हैं। इस खुलासे के बाद से स्थानीय समाजसेवियों और रहवासियों में भारी रोष है। घटनाक्रम के अनुसार, 19 अप्रैल की रात पीड़ित हेमंत भार्गव के भाई ललित की शादी का समारोह एक निजी मैरिज गार्डन में चल रहा था। पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

## संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की हुंकार, मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन




**गुना। अपनी लंबित और जायज मांगों को लेकर जिले के संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। मंगलवार, 21 अप्रैल को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सैकड़ों कर्मचारियों ने शहर में विशाल रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

संविदा स्वास्थ्य संघ के जिला अध्यक्ष राजेश भार्गव ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और सार्थक एप को तत्काल बंद करने की मांग की। इसके साथ ही, प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए 'आउटसोर्स मंडल' के गठन, श्रम कानूनों के सख्ती से पालन और 'समान कार्य-समान वेतन' की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान भारतीय मजदूर संघ और अन्य सहयोगी संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। इनमें विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव, भवन सानिर्माण के राष्ट्रीय मंत्री नितेश खरे, जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल ग्वाल, जिला मंत्री दीपक कुमार गुप्ता, और जिला उपाध्यक्ष सुरेश रघुवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। रैली में राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव संतोष परिहार, सह मंत्री रविंद्र रघुवंशी और वन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बाजपेई जी सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों का कहना है कि यदि शासन स्तर पर उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी समय में आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम संपन्न



गुना। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ में बुधवार को 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय आईटीआई कॉलेज राघौगढ़ की प्राचार्य पल्लवी पाराशर उपस्थित रहीं। छात्राओं को संबोधित करते हुए पल्लवी पाराशर ने 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में नारी शिक्षा, तकनीक, प्रशासन और उद्योग जैसे हर कठिन क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि महिला सशक्तिकरण केवल कागजी कानूनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसके वास्तविक स्वरूप के लिए समाज की सोच और व्यवहार में बदलाव लाना अनिवार्य है। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास सबसे बड़ा हथियार है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को पाने के लिए बिना रुके निरंतर प्रयास करने की सलाह दी गई।

## ग्राम मोहनपुर में बैलगाड़ी से टकराई बाइक, एक सवार की मौत

गुना। म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में मंगलवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक मोटरसाइकिल और बैलगाड़ी की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। इस मामले में एक चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब घायल युवक ने बैलगाड़ी मालिक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मोहनपुर चक निवासी 45 वर्षीय जोहर सिंह भिलाला मंगलवार को अपने गांव के ही युवक करण भिलाला के साथ गुना आए थे। बताया गया है कि जोहर सिंह ने अपने कुछ आभूषण गिरवी रखे थे, जिन्हें छुड़ाने के लिए वे पैसे लेकर गुना आए थे। शाम करीब 7 बजे जब वे अपना काम निपटाकर वापस गांव लौट रहे थे, तभी मोहनपुर मुख्य चौराहे पर उनकी बाइक सामने से आ रही बैलगाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जोहर सिंह भिलाला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार दूसरा युवक करण भिलाला घायल हो गया। इस मामले में विवाद तब बढ़ा जब घायल करण भिलाला ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद बैलगाड़ी मालिक और अन्य ग्रामीणों ने उसके साथ मारपीट की। घायल अवस्था में ही करण शिकायत दर्ज कराने ऊमरी चौकी पहुंचा।

## राघौगढ़ और आरोन में 4 डीजे सिस्टम और वाहन जब्त

नवभारत न्यूज




गुना। परीक्षाओं और त्योहारों के सीजन में नियमों को ताक पर रखकर कानफोड़ू आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में राघौगढ़ व आरोन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 डीजे सिस्टम और उनके वाहनों को जब्त किया है। 20 अप्रैल की रात आरोन पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि लोडिंग वाहनों पर बड़े मॉडिफाइड डीजे लगाकर मानक स्तर से कहीं अधिक तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि शोर इतना तीव्र था कि आसपास के घरों की पीओपी और कांच की खिड़कियां कांपने लगी थीं। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बनी और मरीजों व बच्चों को भारी परेशानी हुई। पुलिस ने मौके से तीन वाहन सहित डीजे सिस्टम जब्त किए और बीएनएस व कोलाहल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इसी क्रम में 21 अप्रैल की रात राघौगढ़ पुलिस ने एसडीओपी दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए एक लोडिंग वाहन और डीजे सिस्टम को कब्जे में लिया। पुलिस ने चांचौड़ा निवासी संचालक केशव मेहरा के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। प्रशासन द्वारा पूर्व में बैठकों के माध्यम से समझाइश दिए जाने के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने पर यह सख्त रुख अपनाया गया है।

**शिविर** | **विलोनिया चक्क में पुलिस ने लगाया जनचेतना शिविर**

# अधिकारों के प्रति सजग होंगे कमजोर, वंचित वर्ग

नवभारत न्यूज

**गुना। समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुना पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोग कानून और शासन की योजनाओं का लाभ उठा सकें।**




इसी क्रम में विशेष पुलिस थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. आर्य ने अपनी टीम के साथ केंट थाना क्षेत्र के ग्राम विलोनिया चक्क में एक जनचेतना शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण शामिल हुए। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के कड़े प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ जातिगत आधार पर कोई भेदभाव या अपराध होता है, तो वह बिना डरे थाने में प्राथमिकी (ऋकफ) दर्ज करा सकता है। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। शिविर के दौरान ग्रामीणों को जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया और इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी समझाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रमाणपत्र होने से ही ग्रामीण शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कानूनी लाभों का समुचित लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक राहत राशि और पात्रता के नियमों की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

**भेदभाव के विरुद्ध सजग रहने की अपील**

थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे जातिगत भेदभाव और किसी भी प्रकार के अत्याचार के विरुद्ध मुखर हों। उन्होंने किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही। इस पहल के माध्यम से पुलिस ने न केवल ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया, बल्कि उनमें सुरक्षा का भाव भी जगाया। विलोनिया चक्क के ग्रामीणों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अपने अधिकारों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## निर्माण कार्यों के टेंडर में देरी पर नपाध्यक्ष नाराज, सीएमओ को अल्टीमेटम, 26 को विशेष शिविर



गुना। शहर के विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद में खींचतान तेज हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़ा पत्र लिखकर शहर के सभी 37 वार्डों के टेंडर अब तक आमंत्रित न किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। अध्यक्ष ने पत्र में स्पष्ट किया है कि कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं आवास विकास ग्वालियर संभाग द्वारा 6 अप्रैल को शहर के सभी 37 वार्डों के 60 निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके बावजूद उपयंत्रियों द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इन कार्यों की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति पीआईसी से मिले लगभग 9 माह बीत चुके हैं। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और कलेक्टर को भी पत्र लिखे गए थे, जिसके बाद तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हुई थी। टेंडर में हो रही इस देरी के कारण शहरवासियों और पार्षदों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परिषद की छवि धूमिल हो रही है और वार्ड वासियों में आक्रोश है। सविता अरविन्द गुप्ता ने सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि सभी 37 वार्डों के टेंडर जारी करने हेतु प्रकरण की नस्तियां तत्काल उनके समक्ष प्रस्तुत की जाएं ताकि विकास कार्य शुरू हो सकें।

## विशेष पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गुना। त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित 1008 चंद्रप्रभु जिनालय का 31वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों का तांता लग गया। समारोह की शुरूआत भगवान चंद्रप्रभु के विशेष पूजन और महामस्तकाभिषेक के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान की आराधना की और मंगलाचरण व भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर धर्ममय हो गया। इस विशेष दिन के लिए मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से भव्य रूप में सजाया गया था। इस आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।